निवेशकों का हित सरकार की प्राथमिकता : नन्दी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने उद्यमियों के साथ साझेदारी से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई देने की सरकार की प्रतिबद्धता को फिर दोहराया है। बुधवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्यातकों से बातचीत में मंत्री नन्दी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में निर्यात की अपार संभावनाएं हैं। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार उद्यमियों की हर संभव मदद करेगी। हमारी कथनी और करनी एक है और यही कारण है कि हमने निवेशकों और निर्यातकों का भरोसा जीता है।

नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी(फाइल फोटो)

मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने का संकल्प लिया है। इसको साकार करने में सभी के प्रयास की आवश्यकता है। एक्सपोर्ट सेक्टर की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। कहा कि उत्तर प्रदेश को 'एक्सपोर्ट हब' बनाने के संकल्प को साकार करने के लिए प्रदेश सरकार हर कदम पर निर्यातकों व उद्यमियों के साथ खड़ी है। इस कार्यक्रम के माध्यम से निर्यात क्षेत्र में प्रवेश करने की इच्छा रखने वाले उद्यमियों को प्रोत्साहित करने और उनकी शंकाओं के समाधान का प्रयास किया जा रहा है। जब उद्यमी निर्यात से जुड़े विभिन्न पहलुओं और बारीकियों के बारे में जानेंगे तभी बिना किसी हिचक के आगे बढ़ेंगे। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव एक्सपोर्ट प्रमोशन एवं एमएसएमई अमित मोहन प्रसाद, भारत सरकार के सचिव सुनील बर्थवाल आदि उपस्थित रहे।